## स्पीड न्यूज

### जिले के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी थाने शस्त्रागार से ले सकेंगे अपना शस्त्र

**मेदिनीनगर।** जिले में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के पश्चात आदर्श आचार संहिता समाप्ति की घोषणा के फलस्वरुप पलामू जिले में पंजीकृत शस्त्र अनुज्ञप्ति पर आधारित शस्त्रों को स्थानीय थाने व शस्त्रागार दुकान में जमा शस्त्र को मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है। उपायुक्त शशिरंजन ने कहा कि सभी अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्र को स्थानीय थाना/शस्त्रागार दुकान से प्राप्त कर लें। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण चुनाव के उद्देश्य से सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों से उनके शस्त्र को स्थानीय थाने या शस्त्रागार में जमा करवाया गया था।

### बकरीद को लेकर पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



**हरिहरगंज पलामू।** बकरीद पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण तरीका से मनाने के लिए पुलिस ने रविवार को हरिहरगंज शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च मेन रोड़, अररुआ मोड़, शिव मंदिर, झंडा चौक, मेन बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में निकाले गये फ्लैग मार्च में शामिल जवानों ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च में एस आई राकेश सिंह, अविनाश कुमार, एएसआई मंटू कुमार, संजय सिंह सहित पुलिस जवान थे।

### बकरीद को लेकर निकला फ्लैग मार्च



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** बकरीद को लेकर लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च लेस्लीगंज कोट खास होते हुए लेस्लीगंज बाजार से कुराईनपतरा होते हुए थाना पहुंची। इस दौरान थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने लोगों से बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से बनाने की अपील की। मार्च में पुअनि प्रदीप कुमार, विक्रम शील, राजू मांझी अमर बाउरी एएसआई सच्चिदानंद शर्मा, जितेंद्र कुमार, रंजीत साह, गोविंद कुमार सहित थाना सशस्त्र बल के दर्जनों पुलिस थे।

### राजनडीह में पानी की भारी किल्लत




**मोहम्मदगंज।** राजनडीह टोला में स्वास्थ्य उप केंद्र के समीप का चापाकल बहुत दिनों से खराब पड़ा है, जो काफी पहले गाड़े जाने से नाली और रोड से भी चापाकल नीचे पड़ गया है। ऐसी स्थिति में चापाकल के आसपास पानी का जमाव बना रहता है। इसी चापाकल से सोलर जलमीनार की भी आपूर्ति होती है। जिसके नलों का पानी भी चापाकल के पास ही जमा रह जाता है। इस चापाकल से 20 घरों में पाइप लाइन कनेक्शन भी किया गया था। मगर पानी मात्र 12 घरों में ही पहुंचती है।

### बकरीद : पाटन में निकला फ्लैग मार्च



**पाटन पलामू।** बकरीद को लेकर पाटन थाना के सुठा लोइंगा ग्राम में पाटन पुलिस ने फ्लैग माच निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पाटन थाना प्रभारी लालजी ने किया। फ्लैग मार्च के दौरान पाटन थाना प्रभारी लालजी ने सभी लोगों से आपसी सदभाव व शांति पूर्वक बकरीद मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति पर्व के दौरान अशांति या गलत मैसेज करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस वैसे लोगों पर त्वरित कार्रवाई करेगी।

### विद्यार्थियों के अंतर्निहित शक्तियों का विकास करें शिक्षक : आरडीडीई



**सतबरवा पलामू।** राजकीय कृत सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय सतबरवा पलामू के विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी ने कोविड-19 समय से विद्यार्थियों के हित में ऑनलाइन क्लास का सतत संचालन कर रहा है। शनिवार के बच्चों के मार्गदर्शन के लिए अतिथि आरडीडीई दुर्गानंद झा मौजूद थे। आरडीडीई ने कहा कि विद्यार्थियों का विकास मां के गर्भ से ही प्रारंभ हो जाती है। अच्छे शिक्षा का कर्तव्य है कि विद्यार्थी के किशोरावस्था की विशेषताएं दिशाएं तथा दशाओं को उनकी रुचि के अनुसार सामंजस्य स्थापित कर शिक्षा प्रदान करें। मौके पर शिक्षक अभिषेक तिवारी, बीपीओ डॉ मनोज कुमार, शिक्षक नीरज द्विवेदी, दिनेश शुक्ला, नरेंद्र राम, दिलीप प्रसाद, मुकेश कुमार, सत्य प्रकाश शर्मा, अविनाश चौधरी आदि मौजूद थे।

### मृतक की पत्नी शीला ने थाना प्रभारी से की आरोपी पर कार्रवाई की मांग



**पाटन पलामू।** बरसैता की शीला देवी ने पाटन थाना प्रभारी को आवेदन देकर अपने पति स्व प्रमोद सिंह की आत्महत्या के मामले में इसमें शामिल आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। कहा कि मेरी शादी वर्ष 2023 में हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। शादी के पहले से मेरे पति को कुसुम मेहता पति संतोष मेहता ग्राम भोंगा पंचायत मेराल थाना पाटन से प्रेम प्रसंग था। 12 को सूचना मिली कि मेरे पति ने फांसी लगा ली है। यकीन है कि कुसुम के दबाव में आकर पति ने आत्महत्या की है। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। न्याय दिलाने की मांग की है।

### अंबेडकर प्रतिमा के चबूतरा सुंदरीकरण के लिए मुखिया ने दिये 21 हजार रुपये



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के हरतुआ पंचायत के ग्राम सोने सरई में बाबा साहेब आंबेडकर चौक की प्रतिमा के चबूतरा को सुंदरीकरण के लिए मुखिया अरविंद शुक्ला ने 21 हजार का सहयोग किया। श्री शुक्ला ने कहा कि बाबा साहेब भारत में सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। उन्होंने देश में सभी वर्गों के लिए काम किया। वह किसी वर्ग व जाति के बंधन में नहीं रहे। अंबेडकर ने स्त्री शिक्षा व भेदभाव रहित भारत की स्थापना के विचार को महत्व देते हुए संवैधानिक व्यवस्था की। मौके पर उपेंद्र रवि, अनुज कुमार, विनय कुमार रवि, राम लखन कुमार, विकेश कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# महिलाएं आगे आयें, 33 प्रतिशत बिल पास : अरुणा शंकर

- वर्ष 2017 में ही हमारी आबादी डालटनगंज भंडारिया विधानसभा में 22 हजार से ऊपर थी : अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**





होटल ज्योतिलोक में आयोजित बैठक में शामिल शौंडिक समाज के लोग और प्रथम महापौर को सम्मानित करते अतिथि।

**मेदिनीनगर।** गंगा दशहरा के दिन पलामू शौंडिक समाज मेदिनीनगर की एक अहम बैठक होटल ज्योतिलोक में समाज के अध्यक्ष सतीश साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें डालटनगंज भंडारिया विधानसभा के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये कई गणमान्य लोगों ने भाग लिये। बैठक के मुख्य अतिथि निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर उपस्थित थी। जिन्हें समाज की ओर से अध्यक्ष सतीश साहू एवं सतबरवा से आयी भाजपा नेत्री प्रीति गुप्ता ने बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया।

प्रथम महापौर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शौंडिक समाज के लोग सिर्फ लड़कों पर ही नहीं अपनी बेटियों पर भी भरोसा कीजिये उनको पढ़ाई के साथ राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी आगे आने का मौका दीजिये। अब तो सरकार भी राजनीतिक क्षेत्र में 33% महिला बिल पास कर दी है जहां लोकसभा से लेकर विधानसभा तक महिलाएं अपनी बातें प्रमुखता से रख पायेंगी। बैठक में संस्था के संरक्षक आनंद शंकर ने कहा कि शौंडिक समाज के भवन निर्माण जल्द पूरा करें। मेरा जहां भी सहयोग की आवश्यकता होगी, मेरा परिवार आगे रहेगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सतीश साहू ने कहा कि शौंडिक समाज के लोग शहर से लेकर हर छोटे से छोटे गांव में बसे हैं जो समाज की अर्थव्यवस्था बनाये रखने एवं कई लोगों को रोजगार देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। शौंडिक समाज के लोग जहां शहर में बड़े व्यवसायी के रूप में स्थापित हैं, वहीं गांव-गांव में साव जी के नाम से प्रचलित गांव घर के हर सुख दुख में खड़े नजर आते हैं।

### हर समाज के सुख-दुख में खड़ा रहता है शौंडिक समाज

बैठक में मुख्य अतिथि शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि शौंडिक समाज हर समाज के सुख दुख में बिना भेदभाव के खड़ा रहता है। समाज रोजगार देता है हर वर्ग की जरूरत पूरी की जाती है। आज उसी का नतीजा है हर समाज के लोगों ने मिलकर आपके समाज की बेटी को बिना किसी जाति भेदभाव किए शहर की प्रथम महापौर बना दिया। मैं अपने समाज के साथ समाज के दूसरे वर्ग का भी शुक्र गुजार हूं जिनके सहयोग से 62 वर्ष तक राज करने वाले चक्रव्यूह को तोड़ सकी।

- डालटनगंज क्षेत्र में शौंडिक जाति की संख्या बढ़ते जा रही है क्योंकि प्रमंडल मुख्यालय होने के नाते दूर दराज से कई परिवार बच्चों को एजुकेशन, व्यवसाय करने के लिए तेजी से शहरी क्षेत्र में बस रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में हम सबने केवल डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा का सर्वेक्षण कराया था, जिसका आंकड़ा करीब 22 हजार से ऊपर था। श्री साहू ने कहा कि बैठक का मुख्य एजेंडा पलामू प्रमंडल के हर विस क्षेत्र में बैठक कर अपनी जाति का विधानसभा वार सर्वेक्षण कराना, अधूरे समाज भवन पूरा करना एवं समाज का मिलन समारोह करने पर विमर्श किया गया।

- बैठक में उपस्थित संजय प्रसाद, अनिल गुप्ता सलतुआ, संदीप प्रसाद सतबरवा, संतोष गुप्ता, मनोज जी चैनपुर, शशि प्रसाद सोहसा, मिथिलेश प्रसाद गुप्ता, रूपेश कुमार, सिंधु गुप्ता, प्रो विजय गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद, अवध प्रसाद, सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता, अखिलेश प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद ने सभी लोगों ने एक माह के अंदर अपने समाज की जनसंख्या सर्वेक्षण के बाद बैठक कर हर पार्टी से हर विधानसभा में अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग करेगी। बैठक का संचालन संजय गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन राधेश्याम प्रसाद ने किया। बैठक में चैनपुर, शाहपुर, सतबरवा, पोलपोल, मेदिनीनगर, भंडरिया, बरगढ़ रामगढ़ से काफी संख्या में प्रतिनिधि उपस्थित थे।

भाजपा चुनाव लड़ने वाली पार्टी ही नहीं बल्कि सामाजिक सरोकार भी रखती है

# झारखंड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नल-जल योजना : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस वार्ता में उपस्थित सांसद, विधायक व अन्य।

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव समाप्ति के बाद झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पहली बार पलामू संसदीय क्षेत्र की समीक्षा बैठक में भाग लेने पलामू पहुंचे। इस दौरान वे परिसदन में प्रेस वार्ता कर पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को जीत दिलाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ चुनाव लड़ने वाली राजनीतिक पार्टी ही नहीं है बल्कि सामाजिक सरोकार में विश्वास रखने वाली पार्टी है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद पार्टी ने यह तय किया है कि चुनाव की समीक्षा जमीनी स्तर पर की जायेगी। इसके लिए छह टीमों का गठन किया गया है। जो जिला एवं प्रमंडल स्तर पर बैठक कर चुनाव की समीक्षा करेगा। कारण कि लोकसभा चुनाव समाप्ति के बाद आनेवाला विधानसभा चुनाव की तैयारी भी करनी है। उन्होंने झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड सरकार सामाजिक सरोकारों से मुंह मोड़ ली है। जनता को अपने रहमो करम पर छोड़ दिया है। श्री मरांडी ने कहा कि पूरे झारखंड में इस भीषण गर्मी में जहां एक ओर जल संकट गंभीर समस्या बन गई है वहीं दूसरी ओर बिजली की आंख मिचौनी से भी राज्य की जनता त्राहिमाम कर रही है।

- उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अंतिम व्यक्ति तक मुलभूत सुविधाओं को बहाल करने के लिए नल जल घर योजना को क्रियान्वित किये थे यह योजना झारखंड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जो भी काम राज्य में किया गया है वह काफी घटिया साबित हुआ है। पानी का पाईप भी मानक के अनुरूप नहीं लगाया गया है। झारखंड के प्रत्येक विधानसभा में 10-10 चापानल लगाना था जो नहीं हो पाया है।

# चैनपुर के किन्नी में धूमधाम से मनायी गयी अनिल चौरसिया की 12वीं पुण्यतिथि

- अनिल चौरसिया का संघर्षमयी इतिहास रहा है : बाबूलाल मरांडी
- पिता के सपनों को जीते जिंदगी साकार करेंगे : आलोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित सांसद, विधायक व अन्य।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के किन्नी में स्व अनिल चौरसिया की 12वीं पुण्य तिथि मनायी गयी। मौके पर स्वास्थ्य शिविर व लंगर लगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य गणमान्यों ने स्व चौरसिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर दो मिनट का मौन रखा गया। श्री मरांडी ने कहा कि पलामू में काफी लंबे समय से स्व अनिल चौरसिया का संघर्षमयी इतिहास रहा है। वे पलामू की धरती पर गरीब गुरबे, दलित, पिछड़े वर्ग की आवाज बनकर उभरे थे। जो सभी के सुख दुख व हर समस्या का समाधान बनकर खड़े रहते थे। यह उनके लिए ही नहीं बल्कि डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए अविस्मरणीय रहा है। आज उनके पुत्र आलोक चौरसिया बधाई के पात्र हैं कि पिता की पुण्य तिथि हर वर्ष सार्वजनिक रूप से मनाकर लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का अवसर दे रहे हैं।

**खास बातें :** विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि पिता के संघर्ष व बलिदान की बदौलत ही आज हम विधायक हैं। इसलिए उनके अरमान पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जीते जिंदगी उनके सपने को साकार करूंगा। मौके पर सत्येंद्रनाथ तिवारी, विनय प्रसाद, सांसद बीडी राम, पूर्व सांसद घूरन राम, श्यामनारायण दूबे, शंकर चौरसिया, कर्नल संजय सिंह, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, लवली गुप्ता, अविनाश वर्मा, प्रभात भुइयां, प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, अरबिंद गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, बिपुल गुप्ता, जवाहर पासवान, पिंकी विश्वकर्मा, मुरारी पांडेय, गुड्डू खान, ठाकुर प्रसाद महतो, अमित तिवारी, सीटू गुप्ता, मंगल सिंह, संटु चौरसिया, रामकरेश चौरसिया, ज्ञानधन चौरसिया समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को अभियान चलाकर जोड़ने के लिए किया जायेगा कार्य



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** एनएच 39 कधवन गांव स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप रविवार को आगामी 2024 विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपाइयों की एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश, जिला, प्रखंड, स्तरीय नेता व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता उंटारी रोड जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता अरविंद सिंह व संचालन वेद प्रकाश शर्मा ने किया।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर पांडेय, भाजपा नेता सीएस दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, जिप सदस्य विजय रविदास सहित भाजपाई शामिल थे।

## नाबालिग की हत्यारापियों को पकड़वाने वाले को एक लाख का इनाम देंगे : बिनू सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद से सटे बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर की नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बिनू सिंह ने कड़ा रूख अपनाते हुए जिला प्रशासन से अविलंब हत्यारों की गिरफ्तारी करने की मांग की है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि नाबालिग लड़की श्रेया के हत्यारों को जबतक गिरफ्तार करवा कर सजा नहीं होती है, तब तक झारखंड बिहार का क्षत्रिय समाज चुप नहीं बैठेगा। प्रशासन और सरकार की नींद हराम कर दिया जायेगा। उन्होंने हत्यारों को पकड़वाने वालों को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। जानकारी हो कि नबीनगर की नाबालिग लड़की 11 जून को घर से कोचिंग के लिए निकली थी लेकिन घर वापस नहीं लौटी। लापता होने के तीन बाद नाबालिग का शव पुलिस ने बरामद किया। लड़की की मां ने अपनी बेटी की सहेली, उसकी मां और बगल गांव के एक युवक पर अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कराया है।

### लू लगने से एक व्यक्ति की हुई मौत



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के हरतुआ पंचायत के पचामो निवासी रामेश्वर यादव (72) की मौत लू लगने से हो गयी। पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला ने बताया कि मृतक काफी गरीब था। थोड़ा बहुत कमा कर अपना घर चलाता था। मुखिया ने मृतक के परिजनों से मिलकर घटना पर शोक व्यक्त करते हुए ढाढ़स बंधाया। उन्होंने परिजनों को दो हजार रुपये और 50 किलो चावल सहयोग किया। साथ ही कहा कि जो भी सरकारी लाभ के तहत होगा, उसे दिलाऊंगा। घटना को लेकर मृतक के घर काफी संख्या में लोग पहुंचे थे।

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के उप प्रबंधक का कार्य प्रशंसनीय है : प्रियरंजन पाठक



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मुख्य शाखा चर्च रोड डालटनगंज के उप प्रबंधक उषा टोप्पो का कार्य प्रशंसनीय रहा है। ग्राहकों के साथ मधुर व्यवहार, कार्य के प्रति जिम्मेवारी, कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं बेदाग छवि श्रीमती टोप्पो का रहा है। वह करीब 4 वर्षों से यहां थी। उनका स्थानांतरण यहां से हो गया है। जब किसी अच्छे व्यक्ति का स्थानांतरण होता है वह भावुक क्षण होता है। उक्त बातें राष्ट्रीय सेवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं रिसर्च एंटी करप्शन एंड क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियरंजन पाठक ने कही। वे श्रीमती टोप्पो को डायरी और कलम देकर विदा किया।

### शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनायें बकरीद प्रशासन रहेगी हाईअलर्ट : एसडीएम



**हुसैनाबाद पलामू।** मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्यौहार ईद उल अजहा (बकरीद) को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है रविवार हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय मुख्य सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी, आईएएस पीयूष सिन्हा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश महतो ने संयुक्त रूप से लिया। जिसमें बतौर अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने भी भाग लिया। मौके पर एसडीएम श्री सिन्हा ने कहा कि हिट वेव व बकरीद पर्व में होने वाली कुबार्नी को लेकर यह बैठक बुलाई गई हैं आप लोगो से अपेक्षा रहेगा कि ईद उल अजहा की पर्व आपसी भाईचारे और बुराई की कुर्बानी का संदेश देता है आपलोग आपस में मिल-जुल कर पूर्व की तरह त्योहार को मनायेंगे जहां दिक्कत होगा आप प्रशासन को बोलिए आपको हर स्थित में मदद मिलेगी।

## शांतिपूर्ण वातावरण में सभी पर्व त्योहार मनाने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम ने की तथा संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने की। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के लोगो ने बकरीद पर्व को शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया।

वहीं हर स्तर पर त्योहार की तैयारी की जानकारी डीएसपी और थाना प्रभारी ने लिया। लोगों से डीएसपी व थाना प्रभारी ने बकरीद का पर्व आपसी भाईचारगी के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि बकरीद पर्व को लेकर पुलिस असमाजिक तत्वों और हुड़दिंगियों पर पैनी नजर रखेगी।

## टांगी से मार पिता को किया घायल

**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सकलदीपा में आपसी विवाद में टांगी से मारकर अजय कुमार पांडेय को घायल कर दिया गया। भुक्तभोगी के पुत्र प्रिंस पांडेय ने पाटन थाना में आवेदन देकर थाना प्रभारी से इस घटना में शामिल आरोपी पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने की मांग की है। प्रिंस ने कहा कि मेरे पिता अजय पांडेय को नौ जून को सुबह भैस चराने के दौरान घात लगाये बसंत पांडेय, मोहन पांडेय ने टांगी से हमला कर जख्मी कर दिया। आरोपी मेरे पिता को मरा समझकर छोड़ भाग गये।

## किसानों की हित के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र की मोदी सरकार : कर्नल संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए शपथ लेने के तुरंत बाद ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना की सतरहवीं किस्त जारी करते हुए साढ़े नौ करोड़ किसानों को लाभान्वित कर अपना वचन निभाया है। उक्त बातें भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ये कार्य उनके किसानों के प्रति उनकी संवेदना तथा लगाव को दर्शाता है। केंद्र की मोदी सरकार किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सालाना 6,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। पिछली किस्त फरवरी में जारी हुई थी। इसलिए 17वीं किस्त का समय जून में है।

# शहर के प्रखर युवा समाज सेवी मनीष धीरज की मौत

- सैकड़ों लोग जुटे अंतिम संस्कार में रोया शहर, जताया दुःख

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मनीष धीरज, फाइल फोटो

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के हृदयस्थल महावीर मंदिर निवासी प्रखर युवा समाज सेवी मनीष धीरज ने आखिर अपनी जिंदगी करी जंग हार गये। उनका कुछ दिनों काला ज्वर बुखार व किडनी में इन्फेक्शन की शिकायत के बाद परिजनों ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ईलाज हेतु भर्ती कराया था, लेकिन अंततः वे शनिवार को इस दुनिया को अलविदा कह गये।

बता दें कि मनीष कुमार धीरज एक प्रखर समाज सेवी थे। उनके नेतृत्व में शहर अमर बाल संघ के माध्यम से समाज के बीच कई धार्मिक व सामाजिक कार्यों को किया जाता रहा है। छठ घाट पर व्रतधारियों की पूरी निष्ठा से सेवा की। उनकी प्रेरणा से आज कई संगठन यह कार्य को कर रहे हैं। वे शहर के चहेते युवाओं में से एक थे। उनके द्वारा हुसैनाबाद में संजीवनी हॉस्पिटल भी खोल गया, जिसके माध्यम से आज कई जरूरत मंदों का इलाज व सेवा प्रदान की जाती है।

वे अपने जीवन का एक बहुत बहुमूल्य समय को समाज के लिए समर्पित किया हैं, जिनके निधन की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गयी। आज उनका शव अपने पैतृक निवास मुख्य बाजार महावीर जी स्थान पंहुचते ही उनके घर पर लोगों की तांता लग गयी।

वहीं उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम देवरी सोन नदी मुक्ति घाट पर की गयी, जिसमें हजारों की संख्या में अपने युवा साथी व समाज के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। साथ ही इस घटना पर शोक जताया। शोक जताने वाले में वर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, जिला परिषद राजू मेहता, पूर्व नगर अध्यक्ष शशी कुमार आदि भी थे।

# कांग्रेस दलित मजदूर अध्यक्ष ने किया छतरपुर विस क्षेत्र का दौरा

### लोगों को भाजपा की नाकामियों को बताया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



क्षेत्र के लोगों से मिलते दलित कांग्रेस अध्यक्ष व अन्य।

**पाटन पलामू।** दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान एवं मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा छतरपुर विधानसभा क्षेत्र का लगातार दौरा किया जा रहा है। दौरा के क्रम में लोगों की समस्याओं से रू ब रू हुए। अशोक पासवान ने लोगों को भाजपा के नाकामियों को बताया। श्री पासवान ने कहा कि भाजपा द्वारा आदिवासी, दलित, गरीब को शोषण करने का काम कर रही है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पलामू आते हैं और सिर्फ बंद कमरा में अपने पूंजीपति लोगों के साथ बात करके चले जाते हैं। गरीबों को पूछने तक नहीं जाते हैं।

उन्होंने कहा कि जो जनता के हर सुख दुख में साथ रहेगा उसी को जनता समर्थन देगी। कहा कि हर वर्ग के लोगों ने संकल्प लिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को छतरपुर विस क्षेत्र समेत पूरे झारखंड से उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

मौके पर दलित कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, राकेश दुबे, मंडल अध्यक्ष लव सिंह, सुग्रीव सिंह, विष्णु साहू, सज्जाद अली और कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

